AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

नृत्य, गायन संग काव्य पाठ से गूंजा परिसर

लविवि दीक्षांतोत्सव में हुईं वाद-विवाद, मेहंदी, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिताएं

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत सप्ताह में बुधवार को छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन व काव्य पाठ कौशल से समां बांध दिया। कैलाश छात्रावास में छात्रों ने अपने नृत्य, गायन संग काव्य पाठ किया।

जान्हवी, वैष्णवी, मेघना आदि छात्राओं ने एकल नृत्य, साक्षी और स्पमोल ने स्वरचित कविता और गीतिका ने एकल गायन किया। सामूहिक नृत्य में पायल, जान्हवी और अंशिका के साथ प्रो. मधुरिमा लाल, चीफ प्रोवोस्ट अनूप कुमार सिंह, कैलाश छात्रावास प्रोवोस्ट प्रो. बबीता जायसवाल, असिस्टेंट प्रोवोस्ट रोली वर्मा संग बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

लविवि के द्वितीय परिसर में वाद-विवाद, मेहंदी, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं। सांस्कृतिकी के तत्वावधान में स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी द्वारा कार्ड मेकिंग, मेहंदी प्रतियोगिता संग स्टैण्डअप कमेडी में छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें कुणाल सिंह, मानवेन्द्र रजवाड़ा, आयुष गुप्ता सहित अन्य छात्रों ने हास्य प्रस्तुति दी। मेहंदी प्रतियोगिता में अलीशा, सेजल गुप्ता, कार्ड मेंकिंग में वर्तिका सिंह, शिप्रा त्रिपाठी ने हुनर दिखाया। प्रो. सतीश पांडेय, द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. बीडी सिंह, स्पोर्ट्स इन्चार्ज डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, लविवि खेल एवं संस्कृति समिति के अध्यक्ष डॉ. उग्रसेन वर्मा आदि मौजूद रहे।



लविवि के दीक्षांत सप्ताह के तहत नाटक के मंचन और अन्य प्रतियोगिताओं के दौरान छात्र-छात्राएं। संवाद

पदक पाने वालों के दस्तावेजों का सत्यापन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 21 जनवरी को होने वाले दीक्षांत समारोह के लिए बुधवार को मेडल धारकों का डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन किया गया। गेट नंबर एक के पास स्थित परीक्षा भवन में मेधावियों के डॉक्युमेंट चेक किए गए। विद्यार्थियों को प्रो. अनूप भारतीय ने बताया कि वे 21 जनवरी को परिधान में आएं। उन्हें कहां खड़े होना और कैसे मेडल लेकर मंच से वापस आना है। वहीं एक दिन पहले रिहर्सल में सुबह 10 बजे आना है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने भी दीक्षांत की तैयारियों के लिए गठित कमेटी की बैठक ली और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि मेडल वितरण की सही से तैयारी व रिहर्सल किया जाए। वहीं न्यू कैंपस में पंडाल और मंच तैयार हो रहा है। (माई सिटी रिपोर्टर)

नुक्कड़ नाटक से लैंगिक संवेदनशीलता का संदेश

लैंगिक संवेदीकरण प्रकोष्ठ ने स्पेसेज कार्यक्रम के तहत थिएटर ग्रुप अदम्य ने इंटिमेट पार्टनर हिंसा, छेड़खानी, विपरीत लिंग के साथ संबंधों में हिंसा आदि विषय नुक्कड़ नाटक से लैंगिक संवेदनशीलता का संदेश दिया।

आज से बंटेंगे शैक्षणिक शोभायात्रा के परिधान

लखनऊ। दीक्षांत समारोह के लिए बुधवार से शैक्षणिक शोभा यात्रा परिधान उपलब्ध कराए जाएंगे। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि विवि के द्वितीय परिसर के कुलानुशासक कार्यालय से 19 व 20 जनवरी को यह परिधान सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

लविवि | इंटर हॉस्टल कॉम्पटीशन फेस्ट 2023 की शुरुआत 23 से, विजेताओं का सम्मान 29 को

17 छात्रावासों के 2000 विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि के 17 छात्रावासों के करीब दो हजार अंतःवासी 23 जनवरी से इंटर हॉस्टल कॉम्पटीशन फेस्ट 2023 में प्रतिभा दिखाएंगे। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह संग छात्रावास टीम ने सभी खेल, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली है। बुधवार को इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया।

फेस्ट का आयोजन नई शिक्षा नीति के प्राविधानों और उद्देश्यों पर केंद्रित रहेगा। वहीं, क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिता जी-20 विषय पर रहेगी। वहीं इनोवेशन ऑफ स्ट्रीम, हिस्टोरिकल कनेक्ट ऑफ उत्तर प्रदेश, व्यापार व अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों को भी शामिल किया गया है। समापन 29 जनवरी को मालवीय सभागार में होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय पुरस्कार बांटेंगे।

बैडमिंटन मैच से शुरू होंगे खेल

खेलों की शृंखला के तहत सुभाष हॉल और चंद्रशेखर आजाद हॉल में 23 जनवरी को बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी। वहीं, लविवि एथलेटिक एसोसिएशन के मुख्य मैदान में 23 से 25 जनवरी तक क्रिकेट मैच होंगे। फाइनल 26 जनवरी को होगा। इसी दिन पुरुषों व महिलाओं के लिए रिले रेस व खो-खो होगी। 24 को महमूदाबाद हॉल में दोपहर 2 बजे से पुरुषों का वॉलीबॉल मैच होगा। 25 को कैलाश हॉल में महिलाओं का वॉलीबॉल खेला जाएगा। एलयू द्वितीय कैंपस में 27 जनवरी को पुरुषों व महिलाओं के लिए इंडोर गेम्स होंगे। 28 जनवरी को रस्साकशी प्रतियोगिता होगी।

24 व 25 जनवरी को सांस्कृतिक आयोजन

24 जनवरी को पुरुषों के लिए हबीबुल्ला हॉल में कविता, मिमिक्री, सोलो सिंगिंग, रंगोली और फोटोग्राफी प्रतियोगिता होगी। 25 को सोलो डांस, ग्रुप डांस, स्किट व पॉट पेंटिंग, 24 को ही तिलक हॉल में महिला अन्तःवासियों के लिए मेहंदी और पॉट पेंटिंग, 25 को कैलाश हॉल में डांस व स्किट और 27 को द्वितीय परिसर में कविता, मिमिक्री, गायन व फोटोग्राफी कम्पटीशन होगा। बीरबल साहनी हॉल में डिबेट समेत शैक्षणिक कार्यक्रम 23 जनवरी को दोपहर 2 बजे से होंगे। वहीं, 25 को क्विज और पोस्टर मेकिंग का आयोजन होगा। वहीं गोल्डन जुबिली हॉल में 23 को छात्राओं के लिए वाद-विवाद, क्विज व पोस्टर मेकिंग और 24 जनवरी को एक्सटेम्पोर आदि होंगे।

HINDUSTAN PAGE 5

लविवि के कुलपति को किया सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को दूसरी बार विश्वविद्यालय का कुलपति बनाए जाने पर बुधवार को सम्मानित किया गया। सूर्यकांत मिश्र स्मृति संस्थान के अध्यक्ष पंकज मिश्र ने रायबरेली जनपद की ओर से उन्हें सम्मानित कर बधाई दी। इस दौरान लविवि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सह मंत्री राहुल मिश्र, माइक्रोसिस कंपनी के डायरेक्टर शिव करन आदि मौजूद रहे। (संवाद)

लविवि : तीन जिलों का कोर्स विवरण जारी

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने बुधवार को तीन जिलों के संबद्ध कॉलेजों का विस्तृत विवरण भी जारी कर दिया। विवि प्रशासन की ओर से लखनऊ, हरदोई, रायबरेली के कालेजों के कोर्स, उनकी सीटों, नियमित व सेल्फ फाइनेंस आदि की विस्तृत रिपोर्ट जारी की है। इससे पहले सीतापुर व हरदोई के कॉलेजों का विस्तृत विवरण विवि की वेबसाइट पर जारी किया गया था। (माई सिटी रिपोर्टर)

जी-20 के लिए 24 को प्रशिक्षण

लखनऊ। लविवि आगामी 24 जनवरी को जी-20 सम्मेलन की बैठकों के मद्देनजर शिक्षकों को प्रशिक्षित करने जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के चार जिलों लखनऊ, आगरा, वाराणसी और गौतमबुद्ध नगर में जी-20 की बैठकें होंगी। 24 जनवरी को प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों का प्रशिक्षण सिम्पोजियम आयोजित होगा। विवि के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज अग्रवाल समन्वयक नामित किए गए हैं। (संवाद)

यूजी परीक्षा फॉर्म जारी, 31 तक आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को यूजी कोर्सेज के परीक्षा फॉर्म जारी कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के मुताबिक, विषम सेमेस्टर दिसंबर 2022 स्नातक के बीए, बीएससी, एमपीएड, ललित कला संकाय व अन्य सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर व इक्जेम्प्टेड परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जारी हो गए हैं। इन्हें भरने की तिथि 31 जनवरी है। परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा किया जाएगा। हेल्पलाइन 8009751631, 9118051031 और contactatlu@gmail.com पर मेल किया जा सकता है। (संवाद)

एलयू: छात्रावासों के बीच 23 से होगी कला-खेल की जंग

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 23 से 28 जनवरी तक इंटर-हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट-2023 का आयोजन होगा। इसमें सभी पुरुष, महिला छात्रावास के स्टूडेंट, शोध विद्यार्थी और अंतरराष्ट्रीय छात्र भाग लेंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण में चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह व पूरी छात्रावास टीम ने सभी खेल, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार कर ली है।

इस उत्सव को नई शैक्षिक नीति के प्रावधानों और उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। जबकि क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिता जी 20 सम्बन्धी विषयों पर आधारित है। इसके अलावा इनोवेशन ऑफ स्ट्रीम, हिस्टोरिकल कनेक्ट ऑफ उत्तर प्रदेश, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों को भी अलग-अलग एकेडमिक आयोजनों में शामिल किया गया है।

शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम: 23 जनवरी से 25 जनवरी तक डिबेट, एक्सटेम्पोर, वाद-विवाद, क्विज व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ इनोवेशन ऑफ स्ट्रीम और पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया जाएगा। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कविता, मिमिक्री, सोलो सिंगिंग, रंगोली और फोटोग्राफी, मेंहदी और पॉट पेंटिंग व सोलो डांस, ग्रुप डांस, स्किट समेत कई आयोजन होंगे। जानकारी के अनुसार समापन सत्र 28 को आयोजित किया जाएगा।

28 जनवरी तक परिसर में कई शैक्षिक, खेल कार्यक्रम होंगे

कब क्या आयोजन

- 23 जनवरी : सुभाष हॉल और चन्द्र शेखर आजाद हॉल में उद्घाटन। बैडमिंटन का आयोजन। 23 से 25 जनवरी तक क्रिकेट मैच होंगे।
- 24 जनवरी : महमूदाबाद हॉल में दोपहर 2 बजे से पुरुषों का वॉलीबॉल मैच।
- 25 जनवरी : कैलाश हॉल में महिलाओं का वॉलीबॉल मैच।
- 26 जनवरी : क्रिकेट मैच का फाइनल। एलयूएए ग्राउंड में रिले रेस और खो-खो।
- 27 जनवरी : दूसरे परिसर में इंडोर गेम्स प्रतियोगितएं।
- 28 जनवरी : एलयूएए ग्राउंड में रस्साकशी प्रतियोगिता।

एलयू में दीक्षांत की तैयारियां तेज, मस्ती में डूबे छात्र-छात्राएं

एलयू में दीक्षांत सप्ताह के तहत बुधवार को कार्यक्रमों का आनंद लेते छात्र।

लखनऊ, संवाददाता। एलयू कैलाश छात्रावास में दीक्षांत सप्ताह के मौके पर नृत्य और गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने अपने नृत्य और गायन का प्रस्तुतीकरण किया। साथ ही काव्य प्रतियोगिता भी हुई। जान्हवी, वैष्णवी, मेघना ने एकल नृत्य प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। साक्षी और स्पमोल ने अपनी स्वरचित कविता सुनाई। वहीं गिरवत्त और गीतिका ने अपने स्वर से एकल गायन में प्रस्तुति दी। सामूहिक नृत्य में पायल, जान्हवी और अंशिका ने प्रतिभा किया।

काला कोट पहन सकेंगी शिक्षिकाएं: कुलसचिव संजय मेधावी ने शिक्षिकाओं व उपाधि प्राप्तकर्ता छात्राओं के लिए आदेश जारी किया है। दीक्षान्त की शैक्षिक शोभा यात्रा में वह भागी शिक्षिकाएं व उपाधि प्राप्तकर्ता छात्राएं निर्धारित परिधान के ऊपर काला स्वेटर अथवा कोट पहन सकती हैं। कुलसचिव संजय मेधावी ने पूर्वाभ्यास की 20 तारीख तय की है। 21 को होने वाले 6.5 वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। चाटरफूफ पंडाल बन चुका है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक राय ने बैठक कर आयोजन की तैयारी सम्बंधित जानकारी ली।

तनावपूर्ण शांति, छात्र गुटों में दिखी तनातनी

लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को माहौल में तनाव नजर आया। यहां एलयू परिसर में गेट नंबर-1 और प्रोक्टर ऑफिस के सामने पुलिस का पहरा रहा। पुलिसकर्मी पूरे दिन विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों के चक्कर लगाते रहे। जिससे प्रदर्शन की स्थिति न बन सके। छात्र संगठन भी कैम्पस के अंदर टहलते दिखे। दूसरी ओर एनसीसी के कैडेट गणतंत्र दिवस की तैयारी भी करते नजर आए। गौरतलब है कि रोहित वेमुला की सातवीं पुण्यतिथि मनाने को लेकर आइसा और एबीवीपी के छात्रों ने प्रदर्शन व नारेबाजी की थी।

एलयू में यूजी, बीएड, एमएड के आ गए सेमेस्टर एग्जाम फॉर्म

एलयू में 31 जनवरी तक आनलाइन फार्म भरने का मौका

LUCKNOW (18 Jan): लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर दिसंबर-2022 के स्नातक बीए, बीएससी, बीकाम (प्रथम, तृतीय, पंचम सेमेस्टर), बीएससी-एमएससी एग्रीकल्चर, बीएड, एमएड, एमपीएड व ललित कला संकाय के परीक्षा फार्म बुधवार को जारी कर दिए. नियमित, बैक पेपर एवं इक्जेम्प्टेड परीक्षा के आनलाइन फार्म 31 जनवरी तक www.lkouniv.ac.in व www.lkounivexam.in के माध्यम से भरे जा सकते हैं. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इसके विस्तृत निर्देश वेबसाइट पर जारी किए हैं.

अलग से नहीं देनी होगी फीस

एलयू के रेगुलर विद्यार्थियों को अलग से कोई शुल्क नहीं जमा करना होगा. सिर्फ आनलाइन परीक्षा फार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है. इस कार्यालय की ओर से जमा किए गए परीक्षा फार्म एक फरवरी तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग में पहंचाने होंगे. बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट, इक्जेम्प्टेड स्टूडेंट्स को आनलाइन परीक्षा फार्म भरकर परीक्षा शुल्क जमा करके फार्म हेड व डीन कार्यालय में जमा करना है.

- **कालेजों को तीन फरवरी तक मौका**

  कालेजों के छात्र-छात्राओं को आनलाइन परीक्षा फार्म अपने कालेज में जमा करने के लिए कहा गया है. वही, कालेजों को परीक्षाफार्मों की सूची तीन फरवरी तक लवि में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं. गौरतलब है कि इसमें दो लाख से ज्यादा छात्र-छात्राएं परीक्षा फार्म भरेंगे.

- **हेल्पलाइन नंबर पर करें संपर्क**

  परीक्षा फार्म भरने में कोई समस्या है तो विद्यार्थी विश्वविद्यालय के हेल्पलाइन नंबर 8009751631, 9118051031 एवं contactatlu@gmail.com पर मेल कर सकते हैं.

PIONEER PAGE 3

जी-20 सम्मेलन को लेकर एलयू को मिली बड़ी जिम्मेदारी

- **प्रो. मनोज अग्रवाल बनाये गये समन्वयक, प्रशिक्षण के दौरान मेंटर की होगी भूमिका**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जी-20 सम्मेलन के नाम पर पार्क स्थापित करने के लिए अधिकारियों को जमीन चिन्हित करने के निर्देश दे चुके हैं। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सार्वजनिक तौर पर जी-20 सम्मेलन में विश्वविद्यालयों सहित महाविद्यालयों को प्रतिभाग करने का निर्देश दे चुकी हैं। ऐसे में विवि व डिग्री कालेज स्तर पर छात्रों को जागरूक करने के लिए यहां के शिक्षकों को मेंटरशिप प्रोग्राम की तर्ज पर सिम्पोजियम आयोजित करने के निर्देश लविवि को दिये गये हैं। इसके लिए शासन स्तर पर 24 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। सिम्पोजियम में विवि सहित महाविद्यालयों के शिक्षकों को जी-20 सम्मेलन के प्रति प्रशिक्षित करने के लिए प्रो. मनोज बग्रवाल को समन्वय बनाया गया है। सिम्पोजियम में लगभग 75 शिक्षकों के प्रतिभाग करने की संभावना है।

प्रदेश के चार जनपदों लखनऊ, आगरा, वाराणसी और ग्रेटर नोएडा में जी-20 सम्मेलन को लेकर राज्य सरकार की तरफ से लखनऊ विश्वविद्यालय को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों सहित डिग्री कालेजों के शिक्षकों को लखनऊ विश्वविद्यालय जी-20 सम्मेलन को लेकर मेंटरशिप करेगा। इसके लिए शासन की तरफ से विवि के अर्थशास्त्र विभाग के विभाग प्रमुख प्रो. मनोज अग्रवाल को कोआर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।

जी-20 सम्मेलन को लेकर प्रदेश सरकार काफी उत्सुक है। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अधिकारियों को लखनऊ में

NBT PAGE 4

एलयू: 31 तक भरे जाएंगे परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की विषम सेमेस्टर दिसम्बर-2022 स्नातक बीए, बीएससी, बीकाम (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) बीएससी एवं एमएससी (एग्रीकल्चर) बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, व ललित कला संकाय और अन्य सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर व इक्जेम्प्टेड परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षाफार्म 31 जनवरी तक भरे जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि रेगुलर छात्रों को फार्म के साथ अलग शुल्क नहीं जमा करना है। ऑनलाइन फार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ जमा करना है।

एलयू में पूर्व व नए छात्रों में हुआ संवाद

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग की इकाई-अल्मनाई सेल ने इंटरेक्टिव अल्मनाई लेक्चर का आयोजन बुधवार को कुलपति प्रो अलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम की संयोजक विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू रहीं। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. हिमांशु मोहन और डॉ. एस.के.कौशल व डॉ. अंकिता श्रीवास्तव भी रहीं। मुख्य वक्ता मतास्मा डिजिटल के सह संस्थापक नंदकुमार शंकर व प्रबंधन मैनेजर गौरव लावनिया रहे।

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने तीन जिलों के कॉलेजों की रिपोर्ट घोषित की

नए कॉलेजों की कुंडली ऑनलाइन

रिपोर्ट में पाठ्यक्रम, सीटों की संख्या और कालेज की कैटेगरी का है विवरण

LUCKNOW (18 Jan): लखनऊ विश्वविद्यालय ने तीन और जिलों में संचालित डिग्री कालेजों की रिपोर्ट वेबसाइट पर जारी कर दी. इनमें लखनऊ, रायबरेली और लखीमपुर खीरी शामिल है. लखनऊ को छोड़ अन्य दोनों जिलों की रिपोर्ट में हर कालेज में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम और उसकी तय सीटों की संख्या का निर्धारण है. कालेज राजकीय, अनुदानित है या फिर प्राइवेट है. कालेज विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं. यदि कालेजों की सूची में कोई आपत्ति है तो अभिलेखीय साक्ष्यों सहित आपत्ति किए जाने पर उसके परीक्षण के बाद संशोधन किया जा सकता है.

545 महाविद्यालय संबद्ध

एलयू से लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी की कोर्सवार रिपोर्ट जारी की गई थी. अब तीन अन्य जिलों की भी रिपोर्ट वेबसाइट पर जारी की गई है. कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि इसमें उन सभी कालेजों का विवरण है जो लविवि से सम्बद्ध हैं. रिपोर्ट इसलिए सार्वजनिक की गई है ताकि चल पता चल सके कि किस कालेज में कौन से कोर्स में कितनी सीटें हैं.

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

तीन कालेजों ने नहीं ली अनुमति

लखनऊ की रिपोर्ट के अनुसार 175 कालेजों में से सेंट एंथोनी पब्लिक कालेज व बीकाम, सत्यभाम कालेज आफ एजुकेशन व बीए, बीकाम और टीडीएल लव कालेज ने विधि त्रिवर्षीय, पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं ली है. कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि इसमें उन सभी कालेजों का विवरण है जो एलयू से संबद्ध हैं.

पांच सदस्यीय कमेटी जाएगी केस की तह में

UPDATE

एलयू में आइसा और एबीवीपी के बीच हुई थी हाथापाई

LUCKNOW (18 Jan): हैदराबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र रोहित वेमुला की सातवीं पुण्यतिथि के आयोजन को लेकर मंगलवार को एलयू में हुए हंगामे के बाद संपूर्ण प्रकरण की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बना दी गई है. कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा.

जमकर हुई दो धक्का-मुक्की

मंगलवार को छात्र रोहित वेमुला की पुण्यतिथि के आयोजन की अनुमति न मिलने पर आल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) ने मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया था। इसमें बिरसा अंबेडकर फुले स्टूडेंट एसोसिएशन (बापसा), नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन आफ इंडिया (एनएसयूआई) और समाजवादी छात्र सभा के सदस्य भी शामिल हो गए थे. आरोप है कि एबीवीपी ने आइसा के बैनर, पोस्टर छीन कर फाड़ दिए, दोनों संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच खूब धक्का-मुक्की और हाथापाई हुई थी. चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच पांच सदस्यीय कमेटी करेगी. रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई होगी.

नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

आइसा के उपाध्यक्ष निखिल कुमार व अन्य संगठनों ने एबीवीपी के विक्रमादित्य मंगलवार को हस्तगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी थी. निखिल के मुताबिक अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई. इसके लिए प्रभारी निरीक्षक से मिलने गए थे. मुख्यतर तक इंतजार करेंगे. फिर भी रिपोर्ट नहीं लिखी गई तो मुख्यतर को ग्राम पंच को कैंपस में एनएसयूआई के साथ घेराव कर अपनी की नाराजगी तय की जाएगी.

वहीं मंगलवार को हंगामे के बाद कुलपति को कैंपस का माहौल खराब रहा. सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही.

PIONEER PAGE 3

Adamya stages street play on LU campus

Lucknow (PNS): In the 65th Convocation Week, the gender sensitisation cell of the Lucknow University marked the beginning of its month-long initiative named 'Spaces' with a street play by Adamya at the Arts Faculty quadrangle of the university.

It may be noted that this gender sensitisation cell was created in 2020 by LU Vice-Chancellor Prof. Alok Kumar Rai and since its inception the cell has been working towards creating gender equality on the campus.

The programme has been started to initiate discussions of gender-based violence, harassment, and gender equality among the students of the university. In their first event on Wednesday, theatre group Adamya staged a street play on the theme of intimate partner violence, eve teasing, peer pressure leading to violence in relations with the opposite sex, etc.

The play was witnessed by over 200 students who had gathered. It was followed by a discussion among the gender sensitisation cell team, the performers and the audience on personal experiences with gender based violence. The spectators also shared their doubts about the definitions of gender sexuality.

Convenor of the cell, Prof Roli Misra from the economics department and her team comprising Dr Prashant, Dr Anupama and Dr Madri answered the audience's questions and encouraged everyone to speak out against any form of injustice they saw around them.

Professor Misra announced that the next programme under the same initiative would be held next Wednesday, where students would be able to share their poetry and other creative art forms to discuss the issue of gender equality.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में स्टैंडअप कामेडी से विद्यार्थियों ने खूब हंसाया

लवि द्वितीय रीजन में स्टैंडअप कामेडी की प्रस्तुति देता छात्र ● सौजन्य से लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह सप्ताह में बुधवार को भी प्रतियोगिताएं हुईं। द्वितीय परिसर में सांस्कृतिकी के तत्वावधान में लखनऊ यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एंड कलचरल कमेटी की ओर से विद्यार्थियों के बीच जीत-हार का सिलसिला चलता रहा। कार्ड-मेकिंग, मेहंदी प्रतियोगिता तथा स्टैंडअप कामेडी में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा के जलवे बिखेरे। वहीं, कैलाश हास्टल में छात्राओं के बीच नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।

द्वितीय परिसर के जूरिस हाल में दोपहर 12.30 बजे स्टैंडअप कमेटी में कुणाल सिंह, मानवेन्द्र रजवाड़ा, आयुष गुप्ता सहित कई छात्रों ने अपनी कामेडी से दर्शकों को खूब हंसाया। मेहंदी प्रतियोगिता में अलीशा, सेजल गुप्ता व अन्य छात्राओं ने अपनी कला दिखाई, जिसकी सभी ने तारीफ की। कार्ड मेकिंग में विधि संकाय की छात्रा वर्तिका सिंह, अभियांत्रिकी तृतीय वर्ष की छात्रा शिप्रा त्रिपाठी आदि ने अपना हुनर दिखाया। इस अवसर पर प्रो. सतीश पांडेय, प्रो. बीडी सिंह, स्पोर्ट्स इंचार्ज डा. अनुराग श्रीवास्तव ने उत्साहवर्धन किया।

राजनंदनी ● जागरण

नृत्य और गायन प्रतियोगिता

लवि के कैलाश छात्रावास में बुधवार को नृत्य और गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्राओं ने नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी। जान्वी, वैष्णवी, मेघना सहित अन्य छात्राओं ने एकल नृत्य में अपनी प्रतिभा दिखाई। काव्य प्रतियोगिता में साक्षी ने अपनी स्वरचित कविता सुनाई। गीतिका ने एकल गायन में प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सांस्कृतिक की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल, चीफ प्रोवोस्ट अनूप कुमार सिंह, कैलाश छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रोफेसर बबीता जयसवाल एवं असिस्टेंट प्रोवोस्ट रोली वर्मा उपस्थित रहीं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह सप्ताह के अंतर्गत कैलाश छात्रावास में आयोजित छात्र प्रतियोगिता का आनंद लेती छात्राएं ● जागरण

लैंगिक संवेदीकरण पर नुक्कड़ नाटक

लैंगिक संवेदीकरण प्रकोष्ठ की ओर से विश्वविद्यालय के आर्ट्स क्वाड्रेंगल में थिएटर ग्रुप अदम्य द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। छेड़खानी, विपरीत लिंग के साथ संबंधों में हिंसा आदि के विषय पर हुए नुक्कड़ नाटक को 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने देखा। उसके बाद जेंडर आधारित हिंसा के व्यक्तिगत अनुभवों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रकोष्ठ की कन्वीनर अर्थशास्त्र विभाग की प्रो., रोली मिश्रा और उनकी टीम जिसमें डा. प्रशांत, डा. अनुपमा और डा. माद्री ने दर्शकों के सवालों का जवाब दिया।

दीक्षा समारोह की रिहर्सल 20 को

दीक्षा समारोह का रिहर्सल 20 जनवरी को होगा। इसके लिए तैयारियां तेजी से चल रही है। द्वितीय परिसर में पंडाल भी तैयार किया जा रहा। समारोह में मेडल पाने वाले मेधावी बुधवार को परीक्षा अनुभाग में शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराने पहुंचे। इसके बाद समारोह की तैयारियों के लिए बनी कमेटी में शामिल प्रोफेसर अनूप कुमार भारतीय ने सभी मेधावियों को समारोह में शामिल होने के बारे में बताया। कहा कि सभी मेधावी निर्धारित परिधान में आएंगे। रिहर्सल के लिए 20 जनवरी को सुबह 10 बजे आना है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने भी समारोह की तैयारियों को लेकर दोपहर में बैठक बुलाई। परीक्षा नियंत्रक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण सहित सभी उसमें शामिल हुए. कुलपति ने समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से कार्य पूरे करने के निर्देश दिए.

सूर्यकांत मिश्र स्मृति संस्थान राबरेली की ओर से अध्यक्ष पंकज मिश्र ने लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को पुनः कुलपति बनने पर उनके कार्यालय में सम्मानित किया। संस्थान के अध्यक्ष पंकज मिश्र ने उनके सर्वांगीण कार्य के लिए बधाई भी दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सह मंत्री राहुल मिश्र, माइक्रोसिस कंपनी के डायरेक्टर शिव करन भी उपस्थित रहे।

कुलपति को किया सम्मानित

जासं, लखनऊ : सूर्यकांत मिश्र स्मृति संस्थान रायबरेली की ओर से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को दूसरी बार विश्वविद्यालय का कुलपति बनाए जाने पर बुधवार को सम्मानित किया गया। सूर्यकांत मिश्र स्मृति संस्थान के अध्यक्ष पंकज मिश्र ने रायबरेली जनपद की ओर से उन्हें सम्मानित कर बधाई दी। इस दौरान लविवि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सह मंत्री राहुल मिश्र, माइक्रोसिस कंपनी के डायरेक्टर शिव करन आदि मौजूद रहे। (संवाद)

नाटक ने सोचने पर किया मजबूर

दीक्षा समारोह सप्ताह में पुराने और द्वितीय कैंपस में हुईं कई प्रतियोगिताएं

LUCKNOW (18 Jan): एलयू के दीक्षा समारोह सप्ताह में बुधवार को भी प्रतियोगिताएं हुईं. द्वितीय परिस